वर्षः 14 - अंक : 290, मुंबई, गुरुवार, 23 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

दावोस में दूसरे दिन भी हुई धनवर्षा

महाराष्ट्र की झोली में अब तक 32 बड़े प्रोजेक्ट आए

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। विश्व आर्थिक मंच के 'शिखर सम्मेलन 2025' के उपलक्ष्य में दावोस दौरे पर गए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र में धन की बारिश करवाने में जबरदस्त सफलता मिल रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के इस दौरे में महाराष्ट्र के प्रति उद्यमियों में जबरदस्त उत्साह और विश्वास देखने को मिल रहा है। टीम फडणवीस के प्रयासों से दो दिनों में महाराष्ट्र की झोली में 32 बड़े प्रोजेक्ट आए। पहले दिन 6.25 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं दूसरे दिन महाराष्ट्र में आने वाले निवेश की रकम 9,30,457 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। इससे राज्य में 4 लाख से अधिक रोजगारों का सृजन होगा। पहले दिन मशहूर उद्योगपति सज्जन जिंदल के जे एस डब्ल्यू समूह के 3 लाख करोड़ का ऐतिहासिक करार करने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दूसरे दिन टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज के अनंत अंबानी से मुलाकात की।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा

आग की अफवाह के बाद पुष्पक एक्सप्रेस से कूदे यात्री, 13 की मौत

जलगांव। महाराष्ट्र के जलगांव ट्रेन दुर्घटना स्थल में पटरियों के किनारे एक क्षत विक्षत शव बरामद होने के साथ ही इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुलिस ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि शव का सिर्फ धड़ बरामद हुआ है। इस बाबत विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रेय कराले ने बताया कि, हमने अब तक 13 में से आठ शवों की पहचान कर ली है, जिनमें से दो की पहचान उनके आधार कार्ड से हुई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

जलगांव हादसे के मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का ऐलान

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ने जलगांव ट्रेन हादसे के मृतकों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। सीएम फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार जलगांव जिले में हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में मरने वालों के परिवारों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, और घायलों के इलाज का पूरा खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी। मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

नाना पटोले ने ट्रेन सुरक्षा प्रणाली पर उठाए सवाल

पुष्पक एक्सप्रेस दुर्घटना पर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि दुर्घटना में कई लोगों की जान गई है। हाल के दिनों में रेल दुर्घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। कवच (ट्रेन सुरक्षा प्रणाली) भी काम करने में विफल रही है।

बॉलीवुड में फैली दहशत!

कपिल शर्मा से लेकर राजपाल यादव तक कई स्टार्स को खतरा, जांच में जुटी पुलिस

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। कपिल शर्मा को पाकिस्तान से एक ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद कपिल शर्मा भी उन मशहूर हस्तियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं, जिन्हें हाल ही में इस तरह की धमकियां मिली हैं, जैसे कि राजपाल यादव, सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूजा। अंबोली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है। धमकी भरा ईमेल पाकिस्तान से भेजा गया था। ईमेल में लिखा था कि वे कपिल शर्मा की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और उन्हें यह गंभीरता से लेने की चेतावनी दी गई थी। ईमेल में भेजने वाले ने 'बिष्णु' नाम से हस्ताक्षर किए थे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

ईमेल पर मिली धमकी

पुलिस के मुताबिक, इन हस्तियों से आठ घंटे के भीतर जवाब मांगा गया था, और अगर नहीं दिया जाता, तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। कपिल शर्मा ने हाल ही में पुलिस में शिकायत की है, और इससे पहले सुगंधा मिश्रा और रेमो डिसूजा ने भी इसी तरह के मेल मिलने के बाद पुलिस में शिकायत की थी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

नाकाम उपाय, चूकता रास्ता

दूसरी तिमाही की तुलना में अक्टूबर-दिसंबर के बीच निजी निवेश में 1.4 फीसदी की गिरावट आई। पहली तिमाही में भारी गिरावट के बाद दूसरी तिमाही में सकारात्मक संकेत दिखे थे। मगर तीसरी तिमाही ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

निजी निवेश में गिरावट का सिलसिला इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी जारी रहा। दूसरी तिमाही की तुलना में अक्टूबर-दिसंबर के बीच इसमें 1.4 फीसदी की गिरावट आई। ताजा खबर के मुताबिक पहली तिमाही में भारी गिरावट के बाद दूसरी तिमाही में कुछ सकारात्मक संकेत दिखे थे। मगर तीसरी तिमाही ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। तो फिर जाहिर हुआ है कि अर्थव्यवस्था में गति लाने की केंद्र की कोशिशें कारगर नहीं हो रही हैं। नए और जारी उद्यमों में निवेश बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के मकसद से सरकार ने अपना पूंजीगत निवेश (कैपेक्स) बढ़ाया है, तो दूसरी तरफ उसने प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) जैसी योजना पर भारी खर्च किया है। इस वर्ष के लिए केंद्र ने कैपेक्स का बजट 11 लाख 11 हजार करोड़ रुपये रखा था। सोच यह है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर में सरकारी निवेश से रोजगार के अवसर बनेंगे, दूसरी तरफ इस क्रम में सीमेंट, स्टील आदि जैसी अन्य वस्तुओं की मांग पैदा होगी। उससे वहां भी रोजगार पैदा होगा। उन सबका प्रभाव सकल अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। नतीजतन, कुल निजी निवेश बढ़ेगा। जहां उच्च तकनीक एवं बड़े निवेश की आवश्यकता है, वहां पीएलआई स्कीम से देशी और विदेशी कंपनियां उद्यम लगाने के लिए प्रोत्साहित होंगी। मगर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे यह रणनीति कामयाब होती नहीं दिखती। इसकी बड़ी वजह उपभोक्ता बाजार में मंदी है। पर्याप्त मांग पैदा करने के लिहाज से कैपेक्स और पीएलआई का रास्ता काफी साबित नहीं हुआ है। यह बात ऊंचे पदों पर बैठे सरकारी अधिकारी कह चुके हैं कि बड़ा मुनाफा कमा रही कंपनियों ने कर्मचारियों की तनख्वाह में उचित बढ़ोतरी नहीं की है, जबकि क्वालिटी रोजगार पैदा होने की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है। परिणाम यह है कि आम उपभोग नहीं बढ़ रहा है और बाजार में मांग मद्धम बनी हुई है। ऐसे में कंपनियां अपनी उत्पादन क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पा रही हैं। तो आखिर वे किसलिए नया निवेश करेंगी? क्या दस दिन बाद पेश होने वाले केंद्रीय बजट में इस चिंताजनक तथ्य पर ध्यान दिया जाएगा या पुराने चूकते रास्ते पर ही आगे बढ़ा जाएगा?

बच्चों को जीवन का फलसफा सिखाने की सराहनीय पहल

कोचिंग सिटी कोटा में नए साल के पहले तीन सप्ताह में ही पांच कोचिंग स्टूडेंट्स की आत्महत्या की घटनाएं चिंतित व विचलित करती है। ऐसे में कोटा में कोचिंग संस्थानों से लेकर पुलिस-प्रशासन तक ने बच्चों की सुरक्षा के लिए कोटा केयर और कामयाब कोटा सरीखी पहल की है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए।

मुंबई हलचल/संवाददाता

कोचिंग सिटी कोटा में नए साल के पहले तीन सप्ताह में ही पांच कोचिंग स्टूडेंट्स की आत्महत्या की घटनाएं चिंतित व विचलित करती है। ऐसे में कोटा में कोचिंग संस्थानों से लेकर पुलिस-प्रशासन तक ने बच्चों की सुरक्षा के लिए 'कोटा केयर' और 'कामयाब कोटा' सरीखी पहल की है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। यहां कलक्टर-एसपी दोनों खुद चिकित्सक भी हैं। वे खुद बच्चों के बीच जाकर तनावमुक्त होकर पढ़ाई करने का तरीका और जीवन का फलसफा सिखा रहे हैं। बच्चे पढ़ाई और स्पर्धा को लेकर किसी प्रकार का दबाव महसूस नहीं करें, इसके लिए कोचिंग संस्थानों से लेकर हॉस्टल तक कई रोचक गतिविधियां हो रही हैं। बच्चों के साथ रह रही माताओं और अन्य अभिभावकों के लिए पेरेंटिंग सेशन भी हो रहे हैं। उन्हें मनोवैज्ञानिक तरीके से बताया जा रहा है कि किस तरह घर का माहौल खुशनुमा रखना है। इतना ही नहीं, आत्महत्याओं को रोकने के लिए हॉस्टलों के पंखों में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाने जैसे कई नवाचार भी किए गए हैं। जाहिर है कि तमाम दूसरे शहरों के लिए भी इस तरह के नवाचार नजीर बन रहे हैं। क्योंकि संवेदनशील प्रयासों के जरिए ही ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। बच्चों में पढ़ाई का दबाव और एक हद तक अभिभावकों की बच्चों को लेकर की जाने वाली उम्मीदें ऐसी घटनाओं के लिए एक हद तक जिम्मेदार हैं। ऐसे में न केवल कोटा बल्कि समूचे राजस्थान में बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयासों की दरकार है। लेकिन आत्महत्या के मामलों को प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताने वाले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बयान ऐसे प्रयासों की अहमियत कम करने वाले साबित हो रहे हैं। खुद शिक्षा मंत्री ऐसे विवादित बयान देकर संवेदनशील मामलों को हवा में उड़ाते नजर आएं तो फिर दोष किसको दें? होना तो यह चाहिए कि जयपुर, जोधपुर और सीकर जैसे शहरों में जहां लाखों बच्चे घर से दूर अकेले रहकर पढाई कर रहे हैं वहां भी कोटा जैसे नवाचार शुरू किए जाएं।अभिभावकों को भी समझना होगा कि उनका सपना टूट जाए तो कोई बात नहीं, लेकिन बच्चे का हौसला नहीं टूटना चाहिए। कोई भी परीक्षा जिंदगी से बड़ी नहीं है। बेशक, कोटा की यह पहल बच्चों को सीख देती है कि है कि एक सपना साकार नहीं हुआ तो क्याङ्क सपनों का 'सारा जहां' उनके सामने है।

ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में भी अग्रणी इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी विकास शर्मा ने लगवाए टीपी नगर में कैमरे

अपराधियों की जल्द धर पकड़ में अहम भूमिका निभा रहा पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का ऑपरेशन त्रिनेत्र

कानपुर। यहां हर तरह के अपराधियों की धर पकड़ में पुलिस का सहयोग करने में अव्वल हाई क्वालिटी के आईपी कैमरे लगवाने का सिलसिला यहां लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के इसी क्रम में अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी की अगुवाई में बाबू पुरवा थाना क्षेत्र में भी अब तक लगभग 500 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगवाए जा चुके हैं। इसी क्रम में हाल में ही इंस्पेक्टर अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर की तेजतर्रार और व्यवहार कुशल टीम चौकी प्रभारी विकास शर्मा द्वारा भी ट्रांसपोर्ट नगर में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए द्वारा मधु फैक्ट्री से सामंजस्य स्थापित कर पॉपुलर धर्म कांटे को ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के क्रम में गोद लिया गया है, जिसके तहत

अब ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र में भी सीपी प्लस कंपनी के चार हाई क्वालिटी के आईपी कैमरे एस एण्ड एन कंप्यूटर कंपनी द्वारा लगवाए गये। अवगत कराते चलें कि यहां की पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अब तक हजारों कैमरे लगवाई जा चुके हैं। और अब हाई क्वालिटी के यही कैमरे वारदात के बाद फरार होने वाले अपराधियों की अति शीघ्र धड़ पकड़ के मामले में बहुत अहम भूमिका निभाने में भी सफल हो रहे हैं। यह पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के लगातार जारी ऑपरेशन त्रिनेत्र का ही कमाल है कि वारदात के बाद फरार होने वाले सभी अपराधी पुलिस के शिकंजे में जल्द से जल्द फंसने से नहीं बच सके। यही नहीं आम जनता के जो भी लोग ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरे लगवाने में पुलिस की सहायता कर रहे हैं। देश और समाज के लिए उनका यह सहयोग भी सराहना का पात्र है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

मकर संक्रांत पर सौ सुनीता आनंदराव जगदाळे, सौ सुजाता संजय उपरे ने दी महिलाओं को अनोखी भेट

मुंबई हलचल/संवाददाता

सांगली। तहसील कड़ेगाव के ग्राम अंबक (चिंचनी) के निवासी आनंदराव यशवंत जगदाळे की धर्मपत्नी सौ सुनीता आनंदराव जगदाळे ने एक अनोखा विचार किया कि मकर संक्रांति पर महिला बहनों को घर पर आमंत्रित कर हल्दी कुमकुम का आयोजन कर महिलाओं को हल्दी कुमकुम लगा कर भेट वस्तु दी जाने की परंपरा है, उन्होंने निर्णय लिया कि महिला बहनों को आमंत्रित कर उन्हें आत्मनिर्भर करने के लिए उन्हें एक दिवसीय लेडीज टेलरिंग प्रशिक्षण मुफ्त मैं दिया जाए, जिस में शिलाई,कटिंग और टेलरिंग से संबंधित समस्याओं के लिए मार्गदर्शन प्रशिक्षण दिया। जिस के लिए उन्हें श्रीकृपा शिक्षण क्लास,हस्तकला प्रशिक्षण संस्था ओगलेवाडी के सहयोग से मुफ्त प्रशिक्षण

दिया गया, प्रशिक्षक सौ सुजाता संजय उपरे मैडम ने जिस मे ब्लाऊज कटिंग और शिलाई प्रशिक्षण दिया, सौ सुनीता आनंदराव जगदाळे ने कटिंग और शिलाई कर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया।

यह अनोखी भेट महिलाओं के लिए अनमोल सहयोग हैं, उपस्थित सभी ने इस के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। उस वक्त सौ राधिका पांडुरंग जगदाळे,सौ सुरेखा जयकर गिड्डे, सौ दिपाली जयवंत जगदाळे, सौ स्नेहल सचिन पाटील,सौ लक्ष्मी पोपट गिड्डे, सौ प्राजक्ता प्रकाश जगदाळे,सौ शारदा यशवंत पाटील, सौ सारिका प्रदीप पाटील, सौ जयश्री हणमंत जगदाळे,सौ विद्या आनंदराव जगदाळे, कु.माधुरी पतंग जगदाळे आदि आमंत्रित महिलाएं उपस्थित रह सभी ने इस प्रशिक्षण का लाभ लिया।

शशि दीप मुंबई का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्मदिन

मुंबई हलचल/संवाददाता

भोपाल। पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय पत्रकार संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स पंजीकृत की राष्ट्रीय संगठन महासचिव श्रीमती शशि दीप मुंबई का आज जन्मदिन पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सैय्यद खालिद कैस भोपाल सहित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री शाकिर मलिक गुजरात,राष्ट्रीय महासचिव श्री रियाज खान राजस्थान,राष्ट्रीय संगठन सचिव नीना गोयल दिल्ली,राजस्थान प्रदेश संयोजक श्री बाबूलाल नागा जयपुर,पश्चिम बंगाल ईकाई की प्रदेश प्रमुख शाश्वती दास, राष्ट्रीय सचिव श्री मीर मोहम्मद अली हैदराबाद, राष्ट्रीय

महासचिव खेमराज चौरसिया,राष्ट्रीय सचिव घनश्याम पाटीदार, कार्यकारिणी सदस्य सैयद रिजवान अली, डिजिटल मीडिया विभाग गुजरात संयोजक भारती माखीजानी,डिजिटल मीडिया विभाग तेलंगाना अध्यक्ष मोहम्मद शिराज, डिजिटल मीडिया विभाग अरुणाचल प्रदेश संयोजक मिनी बुई गयाती,डिजिटल मीडिया विभाग राष्ट्रीय सचिव रूपा चौधुरी,डिजिटल मीडिया विभाग राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर जाकिर शेख,राष्ट्रीय सचिव सुनील योगी, डिजिटल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय मध्य प्रदेश संयोजक श्री अनिल धोसरिया ,इंदौर संभाग अध्यक्ष अलताफ खान, जिला धार अध्यक्ष राजेंद्र देवड़ा, जिला देवास अध्यक्ष राजेंद्र योगी, जिला अध्यक्ष बैतूल इरशाद खान आदि ने राष्ट्रीय संगठन महासचिव श्रीमती शशि दीप मुंबई को जन्मदिन की बधाई दी।

अब्दुल कादिर म्यानुंर जेम्स किड्स स्कुल धोराजी में लेमन स्पुन स्पर्धा में दूसरे नंबर के स्थान पर

मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर

धोराजी। राजकोट ज़िले के धोराजी शहर में जेम्स किड्स स्कुल धोराजी में स्पोर्ट्स के एक खेल लेमन स्पुन स्पर्धा में अब्दुल कादिर म्यानुंर दुसरे

नंबर पर आया जिसके चलते जेम्स किड्स स्कुल की जानिब गोल्ड मेडल पहेनाकर होंसला अफ्जाई की गई। अब्दुल कादिर म्यानुंर को परीवार वालों ने और मुंबई के पत्रकार शोएब म्यानुंर ने गोल्ड मेडल जितने पर मुबारकबाद बादी दी।

सरपंच हत्या में शामिल लोग बख्शे नहीं जाएंगे, दोषी को मिले मृत्युदंड, उपमुख्यमंत्री शिंदे के कड़े तेवर

मुंबई। महाराष्ट्र की सियासी गलियारों से जुड़े और 2 माह से चर्चा में रहे बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में अब न्याय की उम्मीद बढ़ गई है। सरपंच संतोष देशमुख की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के एक मामले में आरोपी वाल्मिक कराड को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर अब तक शांत बैठे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस मामले में सरपंच हत्या में शामिल लोगों को बख्शे नहीं जाने और दोषी को मृत्युदंड दिए जाने की बात कही है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्होंने इस जघन्य अपराध के लिए आरोपियों को मौत की सजा देने की मांग की। बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। देशमुख की हत्या के मामले ने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया क्योंकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और राज्य सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को मामले से जुड़े जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया था।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

13, अब तक 8 शवों की शिनाख्त

सेंट्रल सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) इस दुर्घटना के कारणों की जांच करेंगे। सेंट्रल सर्किल के सीआरएस मनोज अरोड़ा ने कहा कि वह आज दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे। जानकारी दें कि, उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले में बीते बुधवार शाम एक ट्रेन में आग की अफवाह के बाद पटरी पर उतरे कुछ यात्री पास की पटरी पर विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। यह हादसा उस समय हुआ जब 12533 लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में सवार यात्री आग लगने के डर से जल्दबाजी में बगल की पटरियों पर कूद गए और बेंगलुरु से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। यह दुर्घटना उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले के पचोरा कस्बे के निकट माहेजी और परधाड़े स्टेशन के बीच हुई थी। यह दुर्घटना उस समय हुई थी, जब बीते बुधवार शाम करीब 4:45 बजे किसी ने चेन खींच दी जिसके बाद पुष्पक एक्सप्रेस रुक गई। हालांकि, रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इस बात से इनकार किया था कि डिब्बे के अंदर किसी चिनगारी या आग के कारण यात्रियों ने अलार्म बजाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जलगांव में ट्रेन की चपेट में आने से लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा था कि स्थानीय अधिकारी प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। पीएम मोदी ने पर एक पोस्ट में कहा था कि, महाराष्ट्र के जलगांव में रेल पटरियों पर हुए दर्दनाक हादसे से दुखी हूं। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ले त्रासदी में मारे गए यात्रियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। वहीं रेलवे बोर्ड ने अलग से मृतकों के परिजनों को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को पचास-पचास हजार रुपये तथा मामूली रूप से घायल लोगों के लिए 5,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं सेंट्रल सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त दुर्घटना के कारणों की जांच करेंगे।

बॉलीवुड में फैली दहशत!

पुलिस इन मामलों की जांच बहुत गंभीरता से कर रही है, क्योंकि कई मशहूर हस्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। पिछले साल अक्टूबर में, बाबा सिद्दीकी के घर के पास गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसकी जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने ली थी। इसी तरह, पिछले हफ्ते सैफ अली खान पर एक हमलावर ने हमला किया था और उन्हें गंभीर चोटें आईं। बाद में, सैफ अली खान ने अस्पताल से बाहर आकर लोगों का अभिवादन किया और अपने ऑटो चालक से भी मुलाकात की। मेल में लिखा गया था कि हम आपके हाल के एक्शन की निगरानी कर रहे हैं। हमारा मानना है कि ये जरूरी है कि हम आपके ध्यान में एक संवेदनशील मामला लाएं। ये कोई पब्लिक स्टंट या आपको परेशान करने की कोशिश नहीं है। हम आपसे इस मैसेज को बहुत गंभीरता से लेने और गोपनीयता रखने की रिक्वेस्ट करते हैं।

दावोस में दूसरे दिन भी हुई धनवर्षा

इस दौरान टाटा समूह 30 हजार करोड़ तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ 305000 करोड़ रुपए का एक और ऐतिहासिक करार करने में सफल हुए। इतना ही नहीं इस दौरे के दूसरे दिन सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लुलु ग्रुप प्रबंध निदेशक एमए यूसुफ अली, रिन्यू पावर के चेयरमैन और सीईओ सुमित सिन्हा, शिंडर इलेक्ट्रिक इंडिया के प्रबंध निदेशक व सीईओ दीपक शर्मा, मास्टरकार्ड, एशिया-प्रशांत के अध्यक्ष लैंग हाई,लुईस ड्रेफस के सीईओ माइकल ग्लेनची, कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस, कार्ल्सबर्ग ग्रुप के सीईओ जैकब अरुप एंडरसन से मुलाकात की। इसके बाद सीएम ने हुंडई मोटर ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष बुम किम, भारत में दूसरे सबसे बड़े कंटेनर रेल ऑपरेटर डीपी वर्ल्ड समूह के अध्यक्ष सुल्तान अहमद बिन सुलेयम तथा भारत अफ्रीका में एमडी व सीईओ रिजवान सूमर, इंग्लैंड के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर, एनटीटी डेटा के सीईओ अभिजीत दुबे, लोन्जा ग्रुप के मुख्य सूचना अधिकारी जेरजी जेनेज्को से सफल एवं सकारात्मक मुलाकात की।

खबर संक्षेप

कार से एक करोड़ के गहने कर दिया पार

नई दिल्ली। दिल्ली के भारत नगर इलाके में दुकान से घर जा रहे ज्वेलर की कार से बदमाशों ने बैग चुरा लिया। बैग में करीब एक करोड़ के गहने थे। बदमाशों ने लालबत्ती पर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ज्वेलर की शिकायत पर भारत नगर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

ताहिर को नहीं मिली अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ एकमत नहीं है। दो जजों की पीठ में से एक जस्टिस पंकज मित्तल ने ताहिर हुसैन की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने याचिका को मंजूर कर लिया। अब बड़ी पीठ इस पर फैसला करेगी।

पत्नी को पीटा, अजन्मे भ्रूण की भी हो गई मौत

हैदराबाद। एक शख्स जिसने अपनी पत्नी से सारी उम्र उसका साथ देने का वादा किया था, वो इतना बड़ा हैवान हो गया कि उसकी हत्या के लिए निर्ममता की सारी सीमाएं लांघ डाली। वह गर्भवती पत्नी के पेट में ही बैठ गया और गला दबाकर उसकी जान ले ली। इसके चलते महिला की कोख से भ्रूण ही बाहर आ गया।

राहुल के खिलाफ टली सुनवाई, 30 को होगी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को सुनवाई टल गई। वकीलों के कार्य बहिष्कार से परिवादी भाजपा नेता से जिरह नहीं हो पाई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने 30 जनवरी की तिथि दी है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी का 'आप' पर बड़ा हमला

अब केजरीवाल के झूठ और फरेब से ऊब चुकी जनता जवाब दे रही, ये फिर आएंगे, फिर खाएंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत कई बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि ये 'आप' वाले आजकल नारे बुलवाते हैं कि 'फिर आएंगे, फिर आएंगे'। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आपदा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आपदा वाले रोजाना नई घोषणा कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा दिल्ली वाले 'आप' वालों की आप दा देख लिए

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय की बात कही। उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि ये 'आप' वाले आजकल नारे बुलवाते हैं कि 'फिर आएंगे, फिर आएंगे'। लेकिन, जनता इन्हें जवाब दे रही है कि 'ये फिर खाएंगे, फिर खाएंगे।' पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली वाले 'आप' वालों की आपदा और उनके झूठ एवं फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आपदा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आपदा वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि उनको रोज पराजय की नई-नई खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ रही है। लेकिन, अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गई है।

'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में बोले

आप पराजय देख रोजाना कर रही घोषणाएं

झूठ के सहारे 'आप' की गाड़ी नहीं चलेगी

पीएम मोदी ने कहा कि अब दिल्ली में जो 'आप' वाले 'आप दा' लाकर बैठे हैं, उन्हें अपने हिस्से का जो पैसा दिल्ली की गलियों, सीवर सिस्टम बनाने, पार्क बनाने और स्वच्छता के लिए लगाना चाहिए था। लेकिन, इन आपदा वालों ने अपना एक भी दायित्व दिल्ली में निभाया नहीं। झूठ के सहारे इनकी गाड़ी चल जाएगी, ये इसी भरोसे चलते रहे।

सर्दी कितनी हो सुबह से ही मतदान करें

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की जीत पक्की करने के लिए दिल्ली की जनता पक्के निर्णय के साथ निकल पड़ी है। साथियो, आपको 5 फरवरी को दिल्ली के लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है। ठंड कितनी ही क्यों न हो, हमें सुबह से ही मतदान की तीव्रता को बढ़ाना है।

जीत के लिए कार्यकर्ताओं को लक्ष्य तय करने को कहा

पीएम मोदी ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के लिए कार्यकर्ताओं को टारगेट भी दिए। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सिर्फ विजय काफी नहीं है। हर बूथ दो लक्ष्य तय कर सकता है। पहला, मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे। पिछले 10 साल में जितना मतदान हुआ है, उससे ज्यादा मतदान हमारे बूथ में होगा। दूसरा, मामूली विजय नहीं। हर बूथ पर भाजपा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट कैसे मिले, इसके लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है, उनकी दुआएं लेनी है।

'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' भाजपा की जड़ों की ताकत

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा बूथ, सबसे मजबूत' केवल एक कार्यक्रम नहीं है। ये भाजपा की जीवंतता, भाजपा की जड़ों की ताकत और जिन जड़ों से भाजपा का विस्तार हुआ है, उसके मूल में आप सब कार्यकर्ताओं ने जिसे अपना जीवन मंत्र बनाया है, वो है 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत'। दिल्ली के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं की क्या ताकत है, ये किसी से छुपा नहीं है। इस बार आपने दिल्ली के हजारों बूथ जीते, तब जाकर सातों सीटों पर भाजपा विजयी हुई है। मुझे पक्का विश्वास है कि दिल्ली में ये जो संगठन की ताकत है, हर बूथ पर तीन-तीन, चार-चार पीढ़ी के कार्यकर्ता हैं, यही शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी। मुझे विश्वास है कि अपने-अपने बूथ पर आप जो मेहनत कर रहे हैं, उसके चलते आप भारी विजय प्राप्त करने ही वाले हैं।

'समृद्ध हरियाणा-विरासत और विकास' थीम पर बनाई गई है हरियाणा की झांकी

समृद्धि, विरासत व विकास का अलौकिक दृश्य प्रस्तुत करेगी हरियाणा की झांकी

- फाइनल रिहर्सल से पहले आरआर कैंप में प्रदर्शित की गई हरियाणा की झांकी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरियाणा की झांकी इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में नई दिल्ली कर्तव्य पथ पर प्रदेश की समृद्धि, विरासत और विकास का अलौकिक दृश्य प्रस्तुत करेगी। कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन के माध्यम से मानवता को दिए गए गीता के दिव्य संदेश के रूप में जहां हमारी समृद्ध विरासत को दर्शाया गया है वहीं तकनीकी व नवाचार के क्षेत्र में हरियाणा के निरंतर विकास व खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते स्पोर्ट्स पावर के रूप में बनी हरियाणा की नई झलक भी झांकी के माध्यम से दिखाई देगी।

यह जानकारी सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के महानिदेशक केएम पांडुरंग ने राष्ट्रीय रंगशाला कैंप, नई दिल्ली में हरियाणा की झांकी को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा की झांकी के अग्र भाग में कुरुक्षेत्र के पवित्र ज्योतिसर तीर्थ पर महाभारत युद्ध से पूर्व भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता का उपदेश देने का चित्रण किया गया है। यह वह दिव्य संदेश है जो भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से संपूर्ण मानव जाति को दिया था।

झांकी के मध्य भाग में सूरजकुंड मेले से प्रेरित एक शिल्प गाड़ी को दर्शाया गया है जिसके माध्यम से हरियाणा की कला व हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया गया है। शिल्प गाड़ी के पीछे 'हरियाणवी ताऊ' को लैपटॉप पर काम करते हुए दिखाया गया है जो दर्शाता है कि आज हरियाणा का किसान सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग अपने दैनिक जीवन और खेती को समृद्ध करने के लिए कर रहा है और 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' जैसे पोर्टल के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहा है। 'हरियाणवी ताऊ' के पास स्कूल की वर्दी में दो लड़कियों को दिखाया गया है जो हरियाणा की महिला सशक्तिकरण और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रमों से लैंगिक समानता का प्रतीक हैं।

खेल उपलब्धियों को प्रदर्शित किया

झांकी के अंतिम खंड में गगनचुंबी इमारत पर हरियाणा के ओलंपियन खिलाड़ी लाईव खड़े होंगे जिनके माध्यम से हरियाणा की खेल उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। पांडुरंग ने बताया कि यह लगातार चैथी बार है जब हरियाणा राज्य की झांकी को गणतंत्र दिवस समारोह में नई दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर चलने का गौरव प्राप्त होगा। इस बार हरियाणा की झांकी 'समृद्ध हरियाणा-विरासत और विकास' थीम पर चयनित हुई है जिसका निर्माण कार्य रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में पूर्ण हुआ है। वर्ष 2022 में 'खेलों में नंबर वन-हरियाणा', वर्ष 2023 में 'अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव', वर्ष 2024 में 'मेरा परिवार-मेरी पहचान' थीम पर हरियाणा की झांकियों का सफल संचालन किया जा चुका है।

मुख्य परेड में निकलने वाली झांकियों के साथ ही शामिल होगी छत्तीसगढ़ की झांकी

भारत पर्व में दिखेगी छग की जनजातीय परंपराओं, रामनामी समुदाय की झलक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

गणतंत दिवस की मुख्य परेड में कर्तव्य पथ से निकलने वाली चुनिंदा झांकियों और दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में 26 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले भारत पर्व-2025 में भाग लेने वाली झांकियों की तैयारियों की बुधवार मुकम्मल तस्वीर सामने आई। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में विभिन्न राज्यों सहित केंद्रीय मंत्रालयों की 31 झांकियां शामिल होंगी, जबकि लाल किला प्रांगण में 26 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले भारत पर्व-2025 में मुख्य परेड में शामिल झांकियों सहित विभिन्न राज्यों की 43 झांकियां भाग लेंगी।

छत्तीसगढ़ और राजस्थान की झांकी चुनिंदा झांकियों में शामिल नहीं होगी

इस बार छत्तीसगढ़ और राजस्थान की झांकी गणतंत्र दिवस की परेड में कर्तव्य पथ से निकलने वाली चुनिंदा झांकियों में तो शामिल नहीं होंगी,लेकिन दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला प्रांगण में आयोजित होने वाले भारत पर्व-2025 में छत्तीसगढ़ की 'रामनामी समुदाय' और राजस्थान की झांकी 'सोणो राजस्थान' भी मुख्य परेड में निकलने वाली झांकियों के साथ ही शामिल होंगी। इस झाँकी में विरासत ओर विकास का सुंदर मिश्रण किया गया हैं। यह नयनाभिमानी यह झांकी विकसित भारत की संकल्पना लिए राजस्थान के समृद्ध इतिहास,संस्कृति और स्थापत्य परंपरा के साथ ही राज्य के नवीन निर्माण की एक सुंदर झांकी है। गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले भारत पर्व 2025 में इस बार छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और रामनामी समुदाय की झलक देखने को मिलेगी।

छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम 'स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास' पर आधारित है। झांकी में प्रदेश की समृद्ध और विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया है। झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर में जीवन, प्रकृति और आध्यात्मिकता का गहरा संबंध है। यह झांकी छत्तीसगढ़ के लोक जीवन, रीति-रिवाजों और परंपराओं को दर्शाते हुए राज्य की अनूठी सांस्कृतिक पहचान को प्रस्तुत कर रही है।

झांकी के आगे के हिस्से में निराकार राम की उपासना करने वाले रामनामी समुदाय का प्रतिनिधित्व करती स्त्री और पुरुष को दिखाया गया है। इनके शरीर एवं कपड़ों पर 'राम-राम' शब्द अंकित है। इन्हें रामचरितमानस का पाठ करते हुए दिखाया गया है। इसके पास घुंघरुओं का प्रदर्शन किया गया है, जो भजन के लिए उपयोग होते हैं। बीच के हिस्से में आदिवासी संस्कृति की पहनावे, आभूषण, कलाकृतियां और कला परंपराएं दर्शाई गई हैं। इस भाग में तुरही वाद्य यंत्र और सल्फी वृक्ष को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो बस्तर के लोग जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। झांकी के पीछे मयूर का अंकन किया गया है, जो कि लोक जीवन के सौंदर्य और जीवंतता का प्रतीक है। झांकी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और प्रकृति से जुड़ी आध्यात्मिकता को गहराई से उजागर किया गया है।

सोणो राजस्थान

राजस्थान की झांकी के नोडल अधिकारी राजस्थान ललित कला अकादमी के डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि यह इस बार की झांकी राजस्थान की उत्सवधर्मी संस्कृति, स्थापत्य परंपरा और हस्तशिल्प का सुंदर मिश्रण हैं। झांकी का डिजाइन सिद्धस्त कलाकार हरशिव शर्मा द्वारा सुंदर तरीके से किया गया है। झांकी के अग्रभाग में राजस्थान के पारंपरिक पर्व तीज की सुप्रसिद्ध सवारी के मनोहारी दृश्य को शामिल किया गया है, जबकि पिछले भाग में शेखावाटी की प्राचीन और दुर्लभ हवेलियों की समृद्ध विरासत को दर्शाया गया है। झांकी के नीचे के पैनल में इन हवेलियों में बने हुए पुराने भित्ति चित्र ओर विभिन्न प्रकार के म्यूरल की डिजाइन का दिग्दर्शन किया गया हैं। साथ ही झांकी में राजस्थान सरकार द्वारा जल संरक्षण, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की झलक को भी शामिल किया गया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने नागरिकता पर दिया बड़ा बयान

यूएसए ने भारतीयों को दी बड़ी राहत कहा- नहीं रोक सकते एच-1बी वीजा

ट्रंप ने कहा कि उन्हें 'एच-1बी' विदेशी अप्रवासी कामगारों के वीजा पर इसका समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले दोनों पक्षों की दलीलें अच्छी लगीं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश में आने वाले 'बेहद कुशल लोग' पसंद हैं।

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभालने के तुरंत बाद जन्मसिद्ध नागरिकता के अधिकार वाले कानून को रद्द करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अप्रवासियों को वापस भेजने के कार्यकारी आदेश भी दिए हैं।

इससे भारतीय-अमेरिकी समुदाय में जहां चिंता है, वहीं उन्होंने एच-1बी वीजा पर पेशेवर भारतीयों और अन्य देशों के ऐसे नागरिकों को बड़ी राहत दी है। ट्रंप ने कहा है कि वह एच-1बी वीजा नहीं रोक सकते हैं क्योंकि उन्हें पेशेवर कामगारों की सख्त जरूरत है।

बता दें कि इस वीजा के आधार पर बड़ी संख्या में भारतीय तकनीकी पेशेवर अमेरिका में काम कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें 'एच-1बी' विदेशी अप्रवासी कामगारों के वीजा पर इसका समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले दोनों पक्षों की दलीलें अच्छी लगीं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश में आने वाले 'बेहद कुशल लोग' पसंद हैं।

सर्वाधिक भारतीय तकनीकी पेशेवर अमेरिका में काम कर रहे हैं

अकुशल को प्रशिक्षण भी देने को तैयार हैं

ट्रंप राज में बिना 'कागज' फंस गए 20 हजार

अपनी चुनावी घोषणा के अनुरूप ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सख्त प्रवासन नीतियों पर अमल शुरू कर दिया है। इस सख्ती के दायरे में वैसे 20 हजार भारतीय हैं जिसके बारे में अमेरिका कहता है कि इनके पास अमेरिका में रहने के वैध कागज नहीं हैं और इन्हें वापस भेजा जाएगा। अमेरिका ने ऐसे 20 हजार भारतीयों को डिपोर्टेशन लिस्ट में डाल दिया है।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आते ही अवैध प्रवासियों पर एक्शन शुरू कर दिया है। इससे अमेरिका में रह रहे वैसे प्रवासी डर में हैं जिनके कागज यानी कि वीजा दस्तावेज पूरे नहीं हैं। इन लोगों ने कानूनी विकल्पों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इसे लेकर भारत में भी चिंता है। अमेरिकी प्रशासन की ओर से तैयार दस्तावेजों के अनुसार अमेरिका में लगभग 18 हजार ऐसे भारतीय हैं जिनके पास अमेरिका में रहने के लिए पर्याप्त वैध दस्तावेज नहीं हैं।

हर स्तर के लोगों की स्किल बढ़ाई जाएगी

इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे दोनों पक्षों ('एच1बी' वीजा का समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले पक्ष) की दलीलें पसंद हैं, लेकिन मैं यह भी चाहता हूं कि हमारे देश में बेहद कुशल और सक्षम लोग आएं, फिर चाहे उन्हें ऐसे कार्यों के लिए पर्याप्त योग्यता नहीं रखने वाले लोगों को प्रशिक्षण देना पड़े और उनकी मदद करनी पड़े। लेकिन मैं रुकना नहीं चाहता और मैं सिर्फ इंजीनियरों की बात नहीं कर रहा हूं, मैं हर स्तर के लोगों की बात कर रहा हूं।

इन दिग्गजों ने बताई अमेरिका के भविष्य की योजना

ट्रंप ने व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) में 'ओरेकल' के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) लैरी एलिसन, 'सॉफ्टबैंक' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन और 'ओपन एआई' के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित भी किया।

मिर्जापुर से प्रयागराज तक 6 लेन एक्सप्रेसवे की तैयारी

प्रयागराज। महाकुंभ नगर में आज प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक होने जा रही है, जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। इनमें एक नया लिंक एक्सप्रेस वे शामिल है, जो बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से चित्रकूट से शुरू होकर बारा तक जाएगा। इसके अलावा, मिर्जापुर से प्रयागराज के बीच एक नया छह लेन का एक्सप्रेस वे बनाने की योजना भी तैयार की जा रही है, जिसे "विंध्य एक्सप्रेस वे" नाम दिया जाएगा। बैठक में उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति को भी मंजूरी दी जा सकती है। इस नीति का उद्देश्य रक्षा उत्पादन को दोगुना बढ़ाकर 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना और निर्यात को 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाना है। नीति के तहत पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश में स्थित एयरोस्पेस और रक्षा इकाइयों को 25 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी मिलेगी, जबकि बुंदेलखंड और पूर्वांचल क्षेत्रों में स्थापित रक्षा कंपनियों को 35 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, नई एफडीआई नीति के अंतर्गत लखनऊ में स्कूटर इंडिया की जमीन पर हिंदूजा समूह द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना को भी मंजूरी मिलने की संभावना है। इस परियोजना के लिए कंपनी को सरकार द्वारा जमीन पर 75 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इससे संबंधित 106 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट की मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 567 अंक चढ़ा

बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स उछला एनएसई में निवेशक 11 करोड़ के पार

मुंबई हलचल / मुंबई

मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई। सेंसेक्स करीब 567 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने एक बार फिर 23,150 के स्तर को हासिल कर लिया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 566.63 अंक यानी 0.75 प्रतिशत बढ़कर 76,404.99 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 624.77 अंक चढ़कर 76,463.13 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 130.70 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 23,155.35 पर बंद हुआ।

इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजारों ने पिछले कारोबारी सत्र की भारी गिरावट से पुरजोर वापसी की। मंगलवार को सेंसेक्स 1,235.08 अंक टूटकर सात महीनों के निचले स्तर 75,838.36 और निफ्टी 320.10 अंक गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ था। बुधवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस ने सर्वाधिक 3.16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। उसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.97 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 2.28 प्रतिशत की तेजी रही।

एनएसई ने पांच महीनों में जोड़े एक करोड़ निवेशक

नई दिल्ली। शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को कहा कि उसके पंजीकृत निवेशकों की संख्या 11 करोड़ को पार हो गई है। इसमें अंतिम एक करोड़ पंजीकरण सिर्फ पांच महीनों में हुए हैं। यह निवेशकों की प्रत्यक्ष माध्यमों से शेयर बाजार में बढ़ती भागीदारी को बताता है। एनएसई में निवेशक पंजीकरण में हाल के दिनों में उल्लेखनीय तेजी देखी गई है और पिछले पांच वर्षों में इसमें 3.6 गुना उछाल आया है।

1142 शेयरों में रही तेजी

मानक सूचकांकों में बढ़ोतरी के बावजूद बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,802 नुकसान में रहीं जबकि 1,142 शेयरों में तेजी रही और 115 अन्य अपरिवर्तित रहे। क्षेत्रवार सूचकांकों में केंद्रित आईटी खंड में 2.19 प्रतिशत और आईटी खंड में 1.88 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रियल्टी खंड में 4.53 प्रतिशत की तगड़ी गिरावट रही। इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवा कंपनी साइंट डीएलएम के शेयरों में 13.55 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई।

पिछने चार महीने में 10000 अंक गिरा सेंसेक्स

भारतीय शेयर बाजार में हाहाकार मचा है। महीने दर महीने गिरावट बढ़ती जा रही है। सेंसेक्स की बात करें तो अपने हाई से करीब 10000 अंक टूट चुका है। सेंसेक्स 27 सितंबर, 2024 को ऑल टाइम हाई 85,978 अंक पर था, जो कि 22 जनवरी 2025 को 12% यानी 10,000 अंक से ज्यादा टूटकर 75,816 पर आ गया। बुधवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 75,816 के लोअर स्तर को छुआ, वहीं कारोबार के अंत में सेंसेक्स 76,404.99 अंक पर बंद हुआ। अब जब इंडेक्स पिछले चार महीने में 12 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है तो फिर पोर्टफोलियो में 40 से 50 फीसदी तक की गिरावट आम बात है, और यही गिरावट अब निवेशकों को डरा रहा है। इस गिरावट के कई कारण हैं। ओवरवैल्यूड शेयर प्राइस, विदेशी निवेशकों की बिकवाली, तिमाही दर तिमाही कंपनियों के कमजोर नतीजे और अमेरिकी में ट्रंप सरकार की वापसी।

नशे की तस्करी के खेल में पुलिस अफसरों व कार्मिकों की मिलीभगत, 58 सस्पेण्ड

नागौर। प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार में पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों की संलिप्तता लगातार बढ़ रही है। पिछले पांच-छह साल में ऐसे कई प्रकरण सामने आए हैं, जब पुलिस अधिकारी और कार्मिक ड्रग्स की तस्करी में शामिल थे या छोटे-से लालच में आकर तस्करों को शह देते हुए पकड़े गए। हालांकि पकड़ में आने पर उन्हें सस्पेण्ड किया गया, लेकिन कुछ समय बाद वापस बहाल कर दिया गया। 66 प्रकरण तो ऐसे हैं, जिनमें पुलिस विभाग के अधिकारी और कार्मिकों की संलिप्तता ड्रग्स तस्करी में पाई गई। इसके अलावा सैकड़ों प्रकरण ऐसे हैं, जो पकड़ में ही नहीं आए। जिन पर नशे की तस्करी रोकने की जिम्मेदारी है, यदि वही इसको शह देने लगे तो कानून व्यवस्था का बंटाधार होना लाजमी है। यानी रक्षक ही भक्षक बन जाएंगे तो जनता रक्षा की उम्मीद किससे करेगी, यह बड़ा सवाल है। नशे की तस्करी में संलिप्त पाए गए पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों पर तस्करों को पैसे लेकर छोडने, पुलिस विभाग की गुप्त जानकारी तस्करों को देने जैसे आरोप हैं। इनमें कुछ तो तस्करों के साथ मिलकर खुद के वाहनों से अफीम, स्मैक सहित अन्य मादक पदार्थ एवं नशीली गोलियां आदि की तस्करी करते पकड़े गए। एक पुलिसकर्मी तो निलम्बन काल के दौरान मुख्यालय से गैर हाजिर होकर स्मैक की तस्करी में पकड़ा गया। एक जना उदयपुर से जोधपुर जाने वाली बस में सफर के दौरान टिफिन में अफीम का दूध भर तस्करी करता पकड़ा गया। एक ने तस्करों को अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध करवा दिया। एक पुलिसकर्मी ने तो हद कर दी। मादक पदार्थ तस्कर दो पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर भाग रहे थे, जिन्हें रास्ता बताया व नाकाबन्दी से निकालने का काम किया। गृह विभाग ने बताया कि प्रदेश में एक जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2023 तक ड्रग्स की तस्करी के मामलों में राजस्थान पुलिस के कुल 66 अधिकारियों एवं कार्मिकों की संलिप्तता पाई जाने पर 35 अधिकारी/ कर्मचारी के विरूद्ध 31 प्रकरण तथा उक्त दर्ज प्रकरणों के अतिरिक्त 31 अधिकारी/ कर्मचारियों के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई। एक जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2023 तक की समयावधि में ड्रग्स तस्करी के मामले में संलिप्त पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए। इसमें सबसे अधिक छह प्रकरण चित्तौडगढ़. जिले में, 5 भीलवाड़ा में तथा चार-चार सिरोही व तृतीय बटालियन में दर्ज किए गए। इसी प्रकार जोधपुर व पाली में भी तीन-तीन प्रकरण दर्ज किए गए। अन्य जिलों में टोंक, जयपुर, चूरू, करोली, बाड़मेर, उदयपुर, प्रतापगढ़ आदि हैं, जहां एक से दो मामले पुलिस कार्मिकों के खिलाफ दर्ज किए गए।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

बालों की डलनेस हो या डैंड्रफ, होममेड हेयर स्पा से हर प्रॉब्लम होगी दूर

हर लड़की चाहती है कि उसके बाल लंबे, मजबूत और शाइनी हो। मगर पॉल्यूशन और गंदगी कि वजह से बाल खराब हो जाते है, जिसके लिए लड़कियां हेयर स्पा ट्रीटमेंट लेती हैं। यह बालों को सिल्की और सॉफ्ट तो बनाता है लेकिन इसके केमिकल युक्त प्रॉड्क्ट्स नुकसान पहुंचा कर बालों को रूखा कर देते हैं। ऐसे में आप घर पर ही आसानी से स्पा कर सकती हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि आपके बालों के लिए कौन-सा हेयर ट्रीटमेंट सही है और इसे कैसे किया जाए। इससे बाल चमकदार और मुलायम होने के साथ-साथ स्मूथ भी हो जाएंगे।

ड्राई बालों के लिए ऑलिव ऑयल स्पा
रूखे बालों के लिए पहले जैतून के तेल से मसाज करें। फिर इसमें अंडा मिलाकर स्टेप अनुसार हेयर मास्क लगाएं। फिर सल्फेट मुक्त शैंपू से बालों को अच्छी तरह धो लें।

रूखे बालों के लिए एलोवेरा स्पा
रीठा, आंवला, शिकाकाई और मेथी के दानों को रात भर एक चौथाई पानी में भिगो दें। सुबह इस पानी को तब तक उबालें जब तक यह आधा न रह जाए। अब इसमें एलोवेरा जेल और एग व्हाइट मिलाएं। बालों की जड़ों पर यह मास्क लगाएं और कुछ समय बाद सिर धो लें।

मजबूत बालों के लिए फ्रूट स्पा
पके हुए केले, एवोकाडो पल्प, शहद, पुदीने की पत्तियां नीम पेस्ट या प्याज का रस को मिलाकर स्मूथ पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को अच्छी तरह स्कैलप पर लगाएं और 45 मिनट बाद सिर धो लें। यह न सिर्फ बालों झड़ने से रोकता है बल्कि इससे हेयर ग्रोथ भी तेजी से होती है।

हेयर स्पा के आसान स्टेप

स्टेप- 1 (Massage)
सबसे पहले जैतून या नारियल तेल से स्कैल्प की मसाज करें। मसाज उंगलियों के पोरों से सर्कुलर मोशन में करें। तकरीबन 10-15 मिनट के बाद सिर को रिलैक्स करने के लिए छोड़ दें।

स्टेप- 2 (Steaming)
स्टिमिंग के लिए थोड़ा-सा पानी गर्म करके उसमें टॉवेल भिगाकर निचोड़ लें। अब इस टॉवेल को तेल लगे बालों पर अच्छी तरह लपेट लें। इस क्रिया को भी 10 से 15 मिनट करें।

स्टेप- 3 (Washing)
तीसरा स्टेप है बालों को धोना। किसी भी माइल्ड शैम्पू से बालों को अच्छी तरह वॉश करें।

स्टेप- 4 (Conditioning)
शैम्पू करने के बाद बालों को अच्छी तरह कंडीशन करें। यदि होममेड कंडीशन है तो ज्यादा देर लगाएं। अगर आप मार्किट का कंडीशनर यूज कर रही हैं तो 3 मिनट बाद बालों को धो लें।

स्टेप- 5 (Hair Mask)
बालों के हिसाब से हेयर मास्क अप्लाई करें। आधे घंटे बाद माइल्ड शैम्पू से सिर को धो लें। इसके बाद जब बाल सूख जाएं तब हल्के हाथों से कंघी करें।

हेयर स्पा से मिलने वाले लाभ
- बालों में चमक लाने के लिए किया जाता है हेयर स्पा।
- डेंड्रफ की समस्या भी होती है खत्म।
- झड़ते और टूटते बालों के लिए है अच्छा उपाय।
- हेयर स्पा द्वारा बालों को मिलता है पोषण।
- दोमुंहे बालों से छुटकारा पाने के लिए भी करते है हेयर स्पा।

बिना मेकअप के भी चमकेगा चेहरा, बड़े काम के हैं ये ब्यूटी टिप्स

पढ़ाई से लेकर कैरियर की बुलंदियां छूने तक, तो कभी रोजमर्रा के काम निपटाने के लिए घर से बाहर धूप में तो निकलना ही पड़ेगा। ऐसे में अच्छा-भला गोरा रंग जब काला पड़ने लगे तो किसी भी महिला में चिंता की लकीरें गहरी करने लगता है और वह उससे निजात पाने के लिए अक्सर फेयरनेस क्रीम का सहारा लेने लगती हैं ताकि किसी प्रकार से उनकी गोरी रंगत वापस लौट आए। अपनी रंगत को बरकरार रखने के लिए कुछ सावधानियां और घरेलू फेस पैक का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है, तभी आप अपने गोरे रंग को काला होने से रोक पाएंगी।

1. धूप में निकलने से पहले रोजाना अच्छी क्वॉलिटी की सनस्क्रीन क्रीम लगाना न भूलें। यह कम से कम 30 एस.पी.एफ का होना चाहिए।
2. 20 से 30 मिनट तक सनस्क्रीन लगाने के बाद ही धूप में निकलें। यदि आपका फील्ड वर्क है तो हर दो घंटे में या फिर पानी से चेहरा धोने के तुरंत बाद सनस्क्रीन चेहरे पर लगाएं। इससे राहत मिलेगी।
3. त्वचा को ढंक कर रखें। कॉटन के कपड़ों के अलावा कैप और स्कॉर्फ भी इस्तेमाल करें।
4. आंखों को अल्ट्रा वॉयलैट किरणों से बचाने के लिए सनग्लासेज इस्तेमाल करें।
5. सुबह चेहरा धोने के बाद एंटीऑक्सीडेंट्स क्रीम या जैल लगाएं। इससे त्वचा को जल्दी-जल्दी होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है।
6. रात को ऐसी क्रीम या जैल लगाएं जिसमें पेप्टाइड, अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड या रेटीनॉल हो। इससे त्वचा की बेकार हो चुकी ऊपरी परत आसानी से उतर जाती है।
7. सप्ताह में एक बार खुद ही त्वचा की बेकार हो चुकी ऊपरी परत को हटाना चाहिए। इसके लिए त्वचा को नुकसान न पहुंचाने वाले किसी कैमिकल्स या फ्रूट एंजाइम का प्रयोग कर सकती है।

घरेलू नुस्खे भी आजमाते रहें

1. दही में जौ का आटा मिलाकर इसे त्वचा के प्रभावित हिस्से पर लगाएं। लगभग 20 मिनट बाद इसे ठंडे पानी से धो दें। इस मिश्रण को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए इसमें टमाटर का रस भी मिलाया जा सकता है।
2. आलू ब्लीचिंग के लिए अच्छा है। एक आलू को टुकड़ों में काटकर त्वचा के प्रभावित हिस्से पर 20-30 मिनट तक लगाए रखें।
3. स्किन का रंग सही करने में पुदीना चमत्कार करता है। ताजे पुदीने की पत्तियों के रस को 15-20 मिनट तक त्वचा पर लगा कर धो दें।
4. पांच बादामों को एक चम्मच ताजी क्रीम में मिलाकर इसमें नींबू के रस की कुछ बूंदे डाल दें। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट तक लगाएं, फिर चेहरा धो लें।
5. इसके अलावा एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर चीजें ज्यादा खाएं। इनमें बेर, अनार, पपीता, तरबूज, टमाटर, नींबू, संतरा, सोयाबीन एवं मेवे आदि शामिल हैं। ये त्वचा को अल्ट्रा वायलैट किरणों से बचाते हैं।

फ्रोजन व डिब्बाबंद खाने से कैसे पाएं भरपूर पोषण?

मॉडर्न समय में लोगों का लाइफस्टाइल काफी बदल चुका है। आज हर चीज पैक्ड फूड्स में बदलती जा रही है। लोग डिब्बा बंद खाने की तरफ ज्यादा रूख कर रहे है। इतना ही नहीं फल और सब्ज़ियां भी डिब्बो में पैक होकर आने लगे है लेकिन इन्हें खरीदते समय काफी बातों का ध्यान रखना पड़ता है, ताकि इनसे भरपूर पोषण मिल सकें। हाल ही में अमेरिका स्थित अकेडमी फॉर न्यूट्रीशिन एंड डायटेटिक्स की रिसर्च में सामने आया कि फल और सब्जियां ताजी हों या फ्रोजन और डिब्बाबंद, हर हाल में सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। बस इनको खरीदते वक्त आपको कुछ बातों को लेकर सावधानी बरतनी होगी।

डिब्बाबंद फल और सब्जियों का जूस- डिब्बाबंद फलों और सब्जियों से बने जूस खरीदते समय पैकेट पर कुछ जरूरी दिशा-निर्देशों को जरूर पढ़ें। अगर डिब्बाबंद जूस पर 'पैक्ड इन इट्स ओन जूस', 'ताजा जूस' और 'नो एडेड' शुगर लिखाहो तभी उनकी खरीददारी करें।

डिब्बाबंद फल और सबजियों में नमक की मात्रा - आहार में नमक कम चाहते है तो पैक्ड सब्जी या फल में चेक करे कि उसमें कहीं अतिरिक्त नमक तो नहीं मिलाया गया। डिब्बाबंद फलों और सब्जियों के स्वाद और पौष्टिकता भरपूर चाहते है तो इन्हें खोलने के बाद जल्द से जल्द इनका इस्तेमाल कर लें।

फ्रोजन सबजियों का लेबल जरूर करें चेक- ऐसे फल और सब्जियां खरीदें जिसमें वसा और कैलोरी की मात्रा कम हो। इसके लिए उसका लेबल ध्यान से पढ़ें।

सूखे फलों का सेवन कम मात्रा में करें- सूखे फलों में फाइबर की काफी मात्रा होती है। इसके अलावा इसमें विटामिन ए और सी के साथ-साथ पोटेशियम भी प्रचुर होता है। मगर इनकी मात्रा जितनी कम लेंगे, उतना अच्छा होगा। दरअसल, इन फलों को सुरक्षित रखने के लिए चीनी मिलाई जाती है, इसलिए उन्हें खरीदने से पहले लेबल जरूर ध्यान से पढ़ लें।

स्नैक्स के तौर पर किया जाता है इस्तेमाल - इन फलों को स्नैक्स के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हें आप सलाद, पेनकेक्स, रोटी या दलिए के साथ मिलाकर भी खा सकते है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

भूमि पेडनेकर का बड़ा बयान

दावोस में विश्व आर्थिक मंच में मौजूद अभिनेत्री और पर्यावरणविद् भूमि पेडनेकर ने समाज में अधिक लैंगिक समानता लाने में चुनौतियों और अपने अभिनय करियर के बारे में बात की और कहा कि वह हॉलीवुड में काम करने में रुचि रखती हैं। पिछले साल विश्व आर्थिक मंच द्वारा यंग ग्लोबल लीडर वाईजीएल के रूप में मान्यता प्राप्त भूमि पेडनेकर ने बताया कि वह फिल्में देखने वाली युवा लड़कियों के लिए एक अच्छी रोल मॉडल बनने की इच्छुक हैं। भूमि पेडनेकर ने कहा कि हम सभी यहां सिर्फ इस बारे में सकारात्मक बातचीत करने के लिए हैं कि हम दुनिया को कैसे बेहतर बना सकते हैं और ईमानदारी से कहूं तो मैं आभारी हूं कि मुझे यह अवसर दिया गया, क्योंकि अपने करियर की शुरूआत से ही स्क्रीन पर और स्क्रीन के बाहर अपने काम के साथ, मैंने वास्तव में बदलाव लाने की कोशिश की है। एक्ट्रेस ने आगे बताया कि मैंने वास्तव में हर संभव तरीके से सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश की है और जब आपको इस तरह के मंच दिए जाते हैं, तो मुझे लगता है कि यह आपके उद्देश्य को और गहरा करता है और यह आपके द्वारा किए जा रहे हर काम को गति देता है, क्योंकि वे दुनिया भर से समान विचारधारा वाले लोग हैं। भूमि पेडनेकर ने बताया कि मुझे लगता है कि अगर आप मेरी फि ल्मों की दिशा देखें, तो मैंने हमेशा ऐसे किरदार निभाए हैं, जिनमें एजेंसी हो। मैंने ऐसा करने की कोशिश की, क्योंकि मेरे पास एक बड़ा मंच है। मेरे पास एक दर्शक वर्ग है, जो मुझे फॉलो करता है, और मैं इतने सालों तक मुझे इतना प्यार देने और मेरे किरदारों को पसंद करने के लिए उनकी आभारी हूं, मुझे लगता है कि यह सुनिश्चित करना मेरा काम है कि मैं अपने लिंग को कमतर न दिखाऊँ, क्योंकि हमारी फिल्में देखने वाली युवा लड़कियां हैं।

दिव्यांका त्रिपाठी ने अपने पहले टीवी शो को बताया दर्दनाक

टीवी अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी अक्सर किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस को पिछले दो दशकों से इंडस्ट्री काम करते हुए हो गया हैं। ऐसे में उन्होंने हाल ही में अपने करियर को लेकर खुलासा किया है कि वह अपने करियर के शुरूआती दौर में डिप्रेशन से जूझ रही थीं। साथ ही उन्होंने अपने पहले शो को अपनी जिंदगी का सबसे दर्दनाक शो बताया। दरअसल, ये है मोहब्बतें की अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू में अपने करियर के सफर के बारे में बात करते हुए कहा कि, मेरा पहला शो मेरे जीवन का सबसे दर्दनाक शो था। तब ये डिप्रेशन का कॉन्सेप्ट नहीं पता था। उन्होंने आगे कहा कि, कहते हैं ना अज्ञान आनंद है। शायद क्योंकि मुझे पता नहीं था कि मैं डिप्रेशन से गुजर रही हूं, इसलिए मैंने उसको इतना गंभीरता से नहीं लिया और मैं निकल गई। लेकिन वो मेरा एक ऐसा दिन था जब मेरी और दोस्तों के साथ में बातें होती थी, एक कमरे में और जैसे ही वो एक दो लोगों के नाम निकलते थे, तो मैं रोना शुरू कर देती थीं।

भाग्यश्री ने परिवार के साथ प्रयागराज का किया दौरा

अभिनेत्री भाग्यश्री महाकुंभ मेले में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की और सरकार की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन दुनिया भर से बहुत से लोगों को आकर्षित कर रहा है। उन्होंने परिवार के साथ प्रयागराज आने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं, पूरे परिवार के साथ आए हैं। हम देखना चाहेंगे कि महाकुंभ में क्या तैयारियां की गई हैं। सरकार की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन ने बहुत सारी सुविधाएं की हैं। हम उसे देखेंगे और गंगा नदी में पवित्र स्नान करेंगे... महाकुंभ हमारी परंपरा रही है। सरकार ने अच्छा काम किया है और इसी वजह से दुनिया भर से बहुत से लोग यहां आ रहे हैं। इस बीच, ठंड के बावजूद बुधवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ त्रिवेणी संगम पर उमड़ी। आज तक करीब 8.81 करोड़ लोग गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती के पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। बुधवार की सुबह घाटों पर सुबह की आरती भी की गई। इसके अलावा, सोमवार को महाकुंभ शहर में राज्य के पहले डबल डेकर बस रेस्टोरेंट कद्दू का भी उद्घाटन किया गया। भोजनालय में भूतल पर रसोई और पहली मंजिल पर भोजन कक्ष है, जिसमें 25 लोग एक साथ बैठकर शुद्ध शाकाहारी भोजन का आनंद ले सकते हैं।